मंगलवार
17 जनवरी 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




बिहिया गैंग रेप मामले में चार मुख्य आरोपित गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# रोड शो में पीएम मोदी की एक झलक पाने को आतुर दिखे लोग



**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को संसद मार्ग स्थित पटेल चौक से लेकर नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद् के कन्वेंशन सेंटर तक रोड शो किया। करीब एक किलोमीटर तक के इस रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सड़क के दोनों ओर मौजूद थे। सड़क पर जगह-जगह भाजपा के झंडे, पोस्टर और बैनर लगाए गए थे। पटेल चौक से लेकर भाजपा कार्यकारिणी कार्यालय तक जश्न का माहौल था। सड़क के दोनों ओर अलग-अलग मंच बने हुए थे, जिन पर कलाकार भारतीय संस्कृति की झलक दिखाते हुए नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे थे। कुछ स्थानों पर ढोल और नगाड़ों के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया गया। लोगों ने फूल बरसाए। पीएम मोदी ने भी लोगों का हाथ हिलाकर स्वागत किया।

## भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने पर मंथन

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में शुरू हुई। पहले दिन की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस करते हुए भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बैठक में बताया कि देश में 1.30 लाख कमजोर बूथों की पहचान की गई है। इनमें से 70 हजार बूथों को मजबूत करने का काम किया जा चुका है और बाकी पर काम चल रहा है। हम इन पर मजबूत होकर सभी राज्यों और इसके बाद लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करेंगे।
भाजपा ने हिंदुत्व के अपने कोर एजेंडे के साथ-साथ समाजवादी दलों के सामाजिक न्याय के एजेंडे को साथ शामिल कर लिया है। उसने अपनी अगड़ी जातियों की छवि को तोड़ने के लिए केंद्र राज्य सरकारों के मंत्रिमंडल और सरकारी योजनाओं में सभी जातियों-वर्गों को साथ लेने की पहल की है। आदिवासी समुदाय की द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने से लेकर अन्य वर्गों को साथ लेने का संदेश देने की कोशिश की गई है। चूंकि, भाजपा की यह रणनीति लोकसभा चुनावों और विधानसभा चुनावों में उसे अजेय बनाती दिख रही है, पार्टी इस रणनीति पर आगे बढ़ सकती है।
जुलाई 2022 में हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब और पिछड़े पसमांदा मुस्लिम समुदाय को अपने साथ जोड़ने के लिए अभियान चलाने की बात कही थी। 17 जनवरी को अपने संबोधन में पीएम मोदी भाजपा कार्यकताओं के लिए इसी तरह का लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं, जो देश-पार्टी और नागरिकों के विकास में सहायक हो।

# किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिला तो होगा आंदोलन : टिकैत

**केटी न्यूज/बक्सर**

- चौसा में किसानों से मिले किसान नेता राकेश टिकैत
- जब तक लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले ना बरसाए जाएं तब तक आंदोलन खड़ा नहीं होता

देश स्तर पर किसान आंदोलन चलाने वाले किसान नेता व भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत सोमवार को चौसा पहुंच किसानों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आंदोलन असल में अब शुरू हुआ है। कहा कि जब तक लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले ना बरसाए जाएं तब तक कोई आंदोलन खड़ा नहीं होता। कहा कि देश में जो किसान आंदोलन चल रहा था उसमें तकरीबन 700 किसानों की मृत्यु हुई थी और 10 हजार लोगों पर मुकदमा किए गए थे। यह आंदोलन सफल रहा और अंत में सरकार को झुकना पड़ा। उन्होंने भाजपा को जालिम बताते हुए कहा कि बिहार की सरकार उन जालिमों से मुक्त हुई है। लेकिन अगर यहां भी किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिलता तो वह राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013-14 में जो भूमि अधिग्रहण कानून बना था। उसके अंतर्गत यह कहा गया था कि किसानों को सर्किल रेट का 4 गुना मुआवजा दिया जाएगा। उस हिसाब से किसानों को मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने किसानों पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिस अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही।

## खबरें फटाफट

### कोरोना काल में जमा फीस का 15 फीसदी माफ करें स्कूल: कोर्ट

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण काल में स्कूल फीस के मामले में अभिभावकों को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट ने कोरोना काल में जमा स्कूल फीस को 15 फीसदी माफ करने का आदेश दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने साफ कर दिया है कि संक्रमण काल के दौरान जमा की गई स्कूल फीस को माफ किया जाएगा। यह फैसला जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस जे जे मुनीर की बेंच ने दी है। कोरोना काल में ली जा रही स्कूल फीस को लेकर कई अभिभावकों की ओर से याचिका दाखिल की गई थी।

### बेगूसराय में स्वर्ण व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**बेगूसराय।** बेगूसराय में सोमवार की शाम नगर थाना से 500 मीटर की दूरी पर एक स्वर्ण आभूषण व्यवसायी की गोली मारकर हत्या हुई। एक बदमाश दुकान में घुसा, फिर गोली मारकर पैदल ही आसानी से भाग निकला। घटना नगर थाना क्षेत्र के मुगेरीगंज मोहल्ले स्थित जय माता दी ज्वेलरी शॉप की है। मृतक की पहचान रविंद्र प्रसाद आंवश्ठा के पुत्र रवि रौशन उर्फ रेड्डू (40) के रूप में हुई है। बदमाश ने मफलर से अपना मुंह ढंक रखा था। बदमाश पहले आकर ज्वेलरी शॉप में बैठा... कुछ देर बातचीत की। इसके बाद व्यवसायी को पेट में गोली मारकर भाग निकला।

**सीएम का जनता दरबार : मुख्यमंत्री ने 42 लोगों की सुनी समस्याएं**

# बिजली बिल बहुत आ रहा साहेब, कोई सुन नहीं रहा

**केटी न्यूज/पटना**

सीएम नीतीश कुमार सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में आयोजित जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। इसमें मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों से आए 42 लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई का निर्देश दिया। कार्यक्रम में रोहतास जिला से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे द्वारा सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया, मगर उसके बकाया राशि का अब तक भुगतान नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। किशनगंज जिला से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि हमारे पंचायत में लगभग दो किलोमीटर रास्ते का निर्माण अब तक नहीं हो पाया है। संबंधित अधिकारियों को भी इस की सूचना दी गयी है, मगर अब तक उस सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

भागलपुर से आए एक फरियादी ने आग्रह करते हुए कहा कि हमलोगों के गांव में जन वितरण प्रणाली की दूकान नहीं है। राशन लेने के लिए हमलोगों को बहुत दूर जाना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



### आवास योजना के लिए हो रही रिश्वत की मांग

सहरसा जिला से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि हमें आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है ऊपर से रिश्वत की मांग की जा रही है। वहीं सहरसा जिला से ही आए एक अन्य युवक ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि प्रशासनिक भवन का हमारे द्वारा निर्माण कराया गया, सारे दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद भी अब तक मेरे बकाये राशि का भुगतान नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुजफ्फरपुर जिला से आए एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि हमने पांच साल से विद्युत कनेक्शन के लिए अप्लिकेशन दिया मगर अब तक मुझे कनेक्शन नहीं दिया गया है।

### गरीब आदमी हूं, बिजली बिल ज्यादा आया है

पश्चिम चंपारण जिला से ही आए एक बुजुर्ग फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मैं गरीब आदमी हूं मेरा बिजली का बिल बहुत ज्यादा आ गया है। मुख्यमंत्री ने मामले की जांचकर संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कैमूर जिला से आए एक फरियादी ने गुहार लगाते हुए कहा कि बिजली बिल अत्यधिक आया है, विभाग से जांचने का आग्रह करने की गुहार लगाता हूं तो कनेक्शन काटने की बात कही जाती है वहीं लखीसराय जिला से आए एक फरियादी ने भी गुहार लगाते हुए कहा कि बिजली का बिल बहुत ज्यादा आया है। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## प्रेस के सामने फूट फूटकर रो पड़े केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे

**पटना।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे सोमवार को पटना में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। इस दौरान अचानक वे फूट फूटकर रो पड़े। दरअसल बक्सर के बीजेपी नेता परशुराम चतुर्वेदी के निधन की सूचना के बाद अश्विनी चौबे अपने आंसू नहीं रोक सके। उन्होंने कहा कि परशुराम ने किसानों के लिए बलिदान दिया है अश्विनी चौबे ने कहा कि इस आंदोलन में लगातार साए की तरह तीन दिनों से परशुराम मेरे साथ थे। लगातार चार दिनों से किसानों की समस्याओं को लेकर भूखे प्यासे थे। मुझे खबर मिली है कि मेरे भाई की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। उन्होंने किसानों के लिए अपने प्राणों की कुबार्नी दी है।

**नीतीश पर बोला हमला... कहा मेरी हत्या की साजिश चल रही है**

अश्विनी चौबे ने कहा कि मेरी हत्या की साजिश चल रही है। बक्सर में मुझ पर जानलेवा हमला किया गया। मैं कार्यकताओं के चलते बच गया। पुलिस का रवैया बेहद अफसोस जनक रहा। नीतीश कुमार समाधान यात्रा पर नहीं व्यवधान यात्रा पर निकले हैं। मैं उनका पोल खोलूंगा। जहां-जहां नीतीश कुमार जा रहे हैं वहां जाकर मैं व्रत रखूंगा। अश्विनी चौबे ने कहा कि बिहार सरकार के अधिकारियों से कई बार किसानों की समस्या को लेकर अनुरोध कर चुका हूं। सर्किल रेट बढ़ाए जाने को लेकर मेरी कई अधिकारियों से बात हुई हुई है। अपनी मांगों के समर्थन में किसान आंदोलन पर बैठे हैं लेकिन पुलिस बेकसूर लोगों के साथ मारपीट कर रही है। मैं दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करता हूं।

# जमीन पर कब्जा करनेवाले नहीं बख्शे जाएंगे: योगी

**एजेंसी/गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आगाह किया कि जमीन पर कब्जा करने और दबंगई करने वालों को कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को यहां जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं और जमीन कब्जाने की कुछ शिकायतों पर उन्होंने कहा, जमीन पर कब्जा करने और दबंगई करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।

गोरखनाथ मंदिर में सोमवार को जनता दर्शन के दौरान योगी के सामने भूमि अतिक्रमण के कई मामले आए। मंदिर सूत्रों ने बताया कि भूमि अतिक्रमण के मामलों में एक बलिया



जिले का और कुछ मामले कुशीनगर के थे। बलिया के एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी पुश्तैनी खेती की जमीन उनके दो भाइयों में बंट गई थी और उन्होंने और उनके एक भाई ने जमीन का हिस्सा बेच दिया था, लेकिन खरीदार अब उन सभी के खेत में खेती कर रहा है। शिकायतकर्ता ने कहा कि जब उसने और उसके भाइयों ने विरोध किया तो उसने उनकी बात मानने से इनकार कर दिया। यह फरियाद सुनने के बाद योगी ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि ऐसे लोगों को सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गोरखपुर के जनता दर्शन में कई फरियादी गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज बाधित नहीं होने दिया जाएगा।






**अधीक्षक, मौलाना सज्जाद मेमोरियल हॉस्पिटल ने पत्र जारी कर सभी मस्जिदों के इमाम से की अपील**

# सूबे के सभी मस्जिदों से फाइलेरिया की दवा के सेवन का होगा ऐलान

**केटी न्यूज/पटना**

- 10 फरवरी से राज्य के 24 जिलों में संचालित होगा सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम

अब राज्य के तमाम मस्जिदों से फाइलेरिया की दवा का सेवन करने के लिए ऐलान किया जायेगा। इस संदर्भ में फुलवारीशरीफ स्थित ईमारत-ए-शरिया द्वारा संचालित मौलाना सज्जाद मेमोरियल हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. एस निसार अहमद ने बिहार एवं झारखंड के तमाम मस्जिदों के इमाम को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। विदित हो कि राज्य में आगामी 10 फरवरी से 24 जिलों में लक्षित आबादी को फाइलेरिया की दवा खिलाई जायेगी।

फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि 10 फरवरी से बिहार सहित देश के अन्य राज्यों में भी एक साथ सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम यानी एमडीए-फाइलेरिया का आयोजन किया जा रहा है। इस लिहाज से अभियान को सफल बनाने का प्रत्येक स्तर पर प्रयास भी किया जा रहा है।




एमडीए-फाइलेरिया के अधिकतम कवरेज सुनिश्चित करने के लिए राज्य के तमाम मस्जिदों की सहायता भी ली जा रही है। इस पहल को जिला स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के लिए सहयोगी संस्थाओं में शामिल विश्व स्वास्थ्य संगठन, केयर इण्डिया, पीसीआई, जीएचएस, सीफार एवं लेप्रा सोसाइटी के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

### पूरी तरह से सुरक्षित है दवा का सेवन

डॉ. परमेश्वर ने बताया, फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है, जिससे बचाव का एकमात्र रास्ता दवा का सेवन करना है। फाइलेरिया क्युलेक्स नाम के मच्छर के काटने से होता है। इसके कारण इंसान के शरीर के कई अंगों में सूजन आ जाती है और वह चलने फिरने में भी लाचार हो जाता है। फाइलेरिया से ग्रसित व्यक्ति में लक्षण दिखाई देने में 10 से 15 वर्ष का समय लग सकता है। फाइलेरिया की दवा पूरी तरह सुरक्षित है।

### खाली पेट नहीं करें दवा का सेवन

फाइलेरिया की दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना है। यह दवा दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को नहीं खिलानी है। अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा लोगों को दवा अपने सामने खिलाने की हिदायत दी गयी है। दवा खाने के बाद कुछ लोगों में उल्टी, सर दर्द जैसी शिकायतें हो सकती हैं जो खुद ठीक हो जाती हैं। साइड इफेक्ट के प्रबंधन के लिए रैपिड रेस्पोंस टीम गठित की गई है।

# गया के 10 प्रखंडों के 1-1 गांव चयनित, 19 से होगी टीबी मरीजों की पहचान

**केटी न्यूज/गया**

- यहां टीबी मरीज नहीं मिलने पर माइक्रोप्लान के अनुसार दूसरे गांव में जायेगी टीम

जिला में टीबी रोगियों को चिन्हित करने का काम व्यापक तौर पर किया जायेगा। 19 जनवरी से टीबी रोगियों को चिन्हित करने का अभियान चलाया जायेगा। जिला के दस प्रखंडों को इस अभियान में शामिल किया गया है। इन प्रखंडों के चिन्हित गांवों में सामुदायिक कार्यकर्ता घर घर जायेंगे और टीबी संबंधी जरूरी सवाल पूछ कर ऐसे रोगियों को चिन्हित करने का काम करेंगे। रोग होने की संभावना को देखते हुए लोगों को मगध मेडिकल अस्पताल तथा जय प्रकार नारायण सदर अस्पताल भेजा जायेगा। यहां पर ट्रूनैट अथवा सीबी नैट की मदद से बलगम जांच कर टीबी की मौजूदगी का पता लगाया जायेगा।

**पहले इन गांवों में चिन्हित होंगे टीबी मरीज:** अभियान के दौरान सबसे पहले इमामगंज के बसेठा, गुरुआ के पीरवा, गुरारु के इंदिल, डोभी के अनवर दोहार, मोहनपुर के मजौरा, मानपुर का सोहायपुर, फतेहपुर का फतेहपुर गांव, खिजरसराय का देगवां, टिकारी का लंगतपुर और गया सदर का चांदचौरा इलाके में सामुदायिक कार्यकर्ता टीबी रोगियों की खोज करेंगे। इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों व सामुदायिक कार्यकर्तओं की प्रखंड स्तर पर टीम तैयार की गयी है। चिन्हित गांवों में टीबी रोगी नहीं मिलने पर टीम द्वारा माइक्रोप्लान के अनुसार दूसरे वैक्लिपक गांवों में टीबी रोगियों की खोज की जायेगी।




## मरीजों को चिन्हित करने का दिया गया प्रशिक्षण

इसे लेकर सोमवार को शहर के जयप्रकाश नारायण सदर अस्पताल के सभागार में सामुदायिक कार्यकताओं व स्वास्थ्यकर्मियों के लिए लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ. रंजन कुमार सिन्हा तथा जिला संचारी रोग अधिकारी डॉ पंकज कुमार सिंह सहित विश्व स्वास्थ्य संगठन के टीबी ईकाई के राज्य स्तरीय प्रशिक्षक डॉ सौरभ कुमार तथा डॉ रणबीर कुमार ने टीबी रोगियों की खोज को लेकर आवश्यक प्रशिक्षण दिये। प्रशिक्षण के दौरान जिला यक्ष्मा विभाग डीपीसी सीमा कुमार, सिनियर टेक्नीकल सुपरवाइजर हिदायतुल्लाह, लिपिक शोभा सिंह तथा डाटा ऑपरेटर प्रमोद कुमार शर्मा व अन्य स्वास्थ्यकर्मी रहे।

### टीबी के रोगियों को करेंगे चिन्हित

सिविल सर्जन ने कहा कि माइक्रोप्लान के अनुसार दिये गये गांवों के प्रत्येक घर जाकर स्वास्थ्यकर्मी टीबी के रोगियों को चिन्हित करेंगे। टीबी रोगियों को चिन्हित करने से जुड़े सवालों की मदद से ऐसे लोगों की खोज करें और उन्हें अपनी बलगम की आवश्यक जांच कराने के लिए कहें।

### टीबी नोडल पदाधिकरी ने कही ये बात

माइक्रोप्लान के अनुसार गांवों में जाकर टीम टीबी रोगियों की खोज करेगी। 19 जनवरी से चलने वाले इस अभियान में दस प्रखंडों के चयनित एक गांव में टीबी मरीजों की खोज होगी। मरीज नहीं मिलने की स्थिति में उसी प्रखंड के दिये गये वैक्लिपक गांव में जाकर टीम टीबी मरीजों को खोजेगी।

## खबरें फटाफट

### बस पलटने से दो की मौत

**सासाराम।** शिवसागर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनार गांव के पास सोमवार की सुबह अनियंत्रित बस पलटने से एक नाबालिक लड़की समेत दो लोगों की मौत हो गई है। जबकि इस दर्दनाक हादसे में दर्जन भर से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। बस करगहर से सासाराम की ओर काफी तेज गति से आ रही थी। इसके कारण ड्राइवर ने अपना संतुलन खो दिया और बस नहर में पलट गई। हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से करीब आधा दर्जन घायलों को सदर अस्पताल सासाराम में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं, इलाज के दौरान एक नाबालिक लड़की समेत दो लोगों की मौत हो गई। मृतक में सिमरिया निवासी राधेश्याम सिंह और एक अन्य नाबालिग लड़की बताई जाती है। बस दुर्घटना में दो लोगों की मौत होने से परिजन एवं स्थानीय लोगों ने कुछ देर के लिए मुख्य सड़क को भी जाम कर दिया। इससे यातायात बाधित रहा।

### दुष्कर्म नहीं कर पाया तो लड़की को मारी गोली

**सासाराम।** जिले में रेप नहीं कर पाने पर एक युवक ने 16 साल की लड़की को गोली मारकर हत्या कर दी। लड़की के शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग निकला। लड़की का मौत से पहले का वीडियो सामने आया है। वीडियो में किशोरी से पूछा जा रहा है कि किसने गोली मारी है, तो वह बार-बार 'लकड़िया' का नाम ले रही है। जिसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। मामला बधैला गांव का है। शनिवार की शाम को किशोरी के सीने में गोली मारी गई थी। इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मरने से पहले उसने गोली मारने वाला का नाम बताया है। इसका वीडियो सामने आया है।

## एसडीपीओ के नेतृत्व में पूरी रात आरोपितों की धरपकड़ में जुटी रही पुलिस

# मिली सफलता: बिहिया गैंगरेप मामले में चार मुख्य आरोपित गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

- सात नामजद सहित दस पर प्राथमिकी, पांच शोहदों ने किया था दुष्कर्म
- घटना की तेज हुई तफ्तीश, फॉरेंसिक टीम भी कर रही मदद

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के बिहिया गैंगरेप के मामले में पुलिस का एक्शन शुरू हो गया है। केस दर्ज होने के कुछ घंटे बाद ही पुलिस ने चार मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को भी छापेमारी की जा रही है। इधर, घटना की अनुसंधान भी तेज हो गयी है। इसमें फॉरेंसिक टीम की भी मदद ली जा रही है। फॉरेंसिक एक्सपर्टों की टीम द्वारा तकनीकी जांच सहित अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपितों में मैना धानुक के पुत्र दीपक कुमार, रमन धानुक के पुत्र रितेश कुमार, कृष्ण डोम के पुत्र सरोज कुमार और छोटू कुमार शामिल है। सभी उसी गांव के रहने वाले बताये जा रहे हैं। एसपी प्रमोद कुमार चारों आरोपितों की गिरफ्तारी की पुष्टि की गयी है।

उन्होंने बताया कि रविवार की शाम केस दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी के लिए जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी शुरू की गयी। टीम ने कुछ घंटों में ही चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। चारों दुष्कर्म करने में शामिल थे। एसपी ने बताया कि जांच के लिए एफएसएल की टीम बुलायी गयी है। टीम अनुसंधान के तकनीकी बिंदुओं पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मदद करेंगी। पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण करवा दिया गया है। अन्य बिंदुओं पर भी अनुसंधान किया जा रहा है। वहीं अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तारी को छापामारी कर रही है। एसपी ने बताया कि शुरूआती जांच और पीड़िता से पूछताछ में यह बात सामने आयी है कि कुछ आरोपित महिला के परिचित थे। टीम में बिहिया इंस्पेक्टर कमलेश्वर कुमार, जगदीशपुर थानाध्यक्ष विलास पासवान, डीआईयू इंचार्ज शंभू भगत, बिहिया प्रभारी थानाध्यक्ष रामस्वरूप राम, शाहपुर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, महिला थानाध्यक्ष नीतू प्रिया, दारोगा अंशू कुमारी और डीआईयू के संजय कुमार सिन्हा शामिल थे।

**शौच करने गयी शादीशुदा महिला के साथ हुई थी घटना :** प्राथमिकी अनुसार बिहिया इलाके की रहने वाली एक शादीशुदा महिला अपनी छोटी बहन के साथ शुक्रवार 13 जनवरी की शाम शौच करने गयी थी। उसी दौरान आरोपितों द्वारा उसे पकड़ लिया गया और उठाकर एक बगल की झोपड़ी में ले गये। वहां उसके साथ रेप किया गया। प्राथमिकी में गांव के ही सात नामजद और तीन अज्ञात युवकों को आरोपित किया गया था। पांच लड़कों पर दुष्कर्म करने का आरोप है। अन्य पांच भी मौके पर मौजूद थे। प्राथमिकी में रेप करने के बाद वीडियो बनाने और केस करने पर जान मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। घटना के दो दिन बाद रविवार 15 जनवरी की शाम में महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। उसके बाद एसपी प्रमोद कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम आरोपितों की धरपकड़ में जुट गयी। बताया जा रहा है कि टीम पूरी रात छापेमारी में जुटी रही। उस दौरान पुलिस आरोपितों के हर ठिकानों पर पहुंची थी। सूत्रों के अनुसार शाहपुर सहित तीन थाना क्षेत्र तक में छापेमारी की गयी थी।

### तीन साल से मायके में ही रह रही महिला

बताया जा रहा है कि पीड़ित की शादी हो गयी है। उसे एक बच्चा भी है। वह करीब तीन साल से अपने मायके में ही रहती आ रही है। सूत्रों की मानें तो पति से अनबन होने के बाद वह मायके में रहती है। शुक्रवार को वह शौच करने बधार में गयी थी। तभी उसके कुछ परिचितों द्वारा ही घटना को अंजाम दिया गया। उसके द्वारा वीडियो भी बना लिया गया।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जहानाबाद में प्रस्तावित समाधान यात्रा की पूरी हुई तैयारी

**जहानाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित समाधान यात्रा के मद्देनजर आयुक्त, मगध प्रमंडल मयंक बरवड़े ने सोमवार को सदर प्रखंड के मांदिल पंचायत एवं पकरी वार्ड नंबर 08 का निरीक्षण कर माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों, मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ ब्रिफिंग कर तैयारी की जानकारी प्राप्त किया।

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री बिहार के समाधान यात्रा की सभी तैयारी कर ली गई है। जिले में विधि-व्यवस्था संधारण हेतु बनाये रखने हेतु हरेक पांइट पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि माननीय मुख्यमंत्री के आगमन के अवसर पर अपने-अपने कर्तव्य के प्रति सतर्क रहते हुए असामाजिक तत्वों, भीड़ पर कड़ी नजर रखते हुए मुख्य अतिथि की सुरक्षा पर विशेष निगरानी रखेंगे। सभी को निदेश दिया गया कि अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर दिनांक 17 जनवरी, 2023 को प्रात: 07 :00 बजे उपस्थित रहेंगे। सुरक्षा की दृष्टीकोण से जिले में 242 पांइट पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसमें पकड़ी महादलित टोला, मांदिल पोखर, जिला अतिथि गृह, अब्दुलबारी नगर भवन तथा समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में वरीय पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिनका दायित्व होगा कि वे अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर कार्यक्रम को सफल बनायेंगे।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुर सहित दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

- बुलेट व पैसे के लिए गला दबाकर हत्या करने का आरोप
- पिता की तहरीर पर पति, सास, ससुर, देवर और दो ननद पर प्राथमिकी



टाउन थाना क्षेत्र के मिल्की मोहल्ला (कसाब टोला) में रविवार की शाम शिक्षक की पत्नी खुशबू परवीण की संदिग्ध स्थिति में महिला की मौत का मामला दहेज हत्या में बदल गया। बुलेट बाइक और पांच लाख रुपए के लिए मारपीट करने के बाद गला दबाकर उसकी हत्या करने की बात सामने आयी है। मृत खुशबू परवीण के पिता की तहरीर मनव्वर अंसारी की तहरीर पर नगर थाने में दर्ज प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया है। उसमें खुशबू परवीण के पति शहनवाज आलम, ससुर, सास, देवर और दो ननद को आरोपित किया गया है।? खुशबू के पति शहनवाज आलम शिक्षक हैं और चरपोखरी के सियाडीह स्थित स्कूल में कार्यरत हैं। इधर, पुलिस द्वारा इस मामले में कार्रवाई करते हुये ससुर हारुन अंसारी और सास को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं अन्य आरोपितों की धरपकड़ को छापेमारी की जा रही है। इधर, मौत की सूचना मिले पर मायके वालों के आरा आने के बाद पुलिस की ओर से सोमवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। बता दें कि रविवार की शाम पुलिस को खुशबू परवीण की मौत और फांसी के फंदे पर लटके होने की सूचना मिली थी। तब दारोगा अविनाश कुमार ने पहुंच कर छानबीन की थी। उसके बाद पुलिस मायके वालों का इंतजार कर रही थी।

**नवंबर में हुआ था निकाह, दो दिन बाद ही शुरू हो गयी थी मारपीट :** रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के निजामनगर मणी टोला निवासी मनव्वर अंसारी ने बताया कि उन्होंने अपनी छोटी पुत्री खुशबू परवीन की शादी तीन नवंबर 2022 को टाउन थाना क्षेत्र के मिल्की मोहल्ला निवासी मो. हारुन अंसारी के पुत्र शाहनवाज आलम के साथ की थी। शादी के कुछ दिनों बाद ही पांच लाख नगद और बुलेट के पैसे की मांग भी की जाने लगी थी। उसे लेकर उनकी बेटी के साथ मारपीट भी की जाने लगी थी। उस दौरान उनकी बेटी को मायके पहुंचा दिया गया था। कहा गया था कि पैसे का इंतजाम हो जाये, तब अपनी बेटी को लेकर आइएगा। तब उन्होंने पैसे देने के लिए समय भी मांगा था। रविवार की करीब पौने पांच बजे उनके दामाद ने फोन पर सूचना दी कि खुशबू ने सुसाइड कर लिया है।

## रोहतास जिले में अबतक 3.65 लाख से अधिक लोगों का बनाया गया गोल्डन कार्ड

# आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने में रोहतास सूबे में सबसे आगे

- 24 हजार से अधिक लोग ले चुके हैं इस योजना का लाभ

**केटी न्यूज/सासाराम**



स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के साथ-साथ जरूरतमंदों को बेहतर तथा उच्च स्वास्थ्य सुविधा मिल सके इसके लिए राज्य सरकार के साथ साथ केंद्र सरकार लगातार प्रयासरत है। इसके लिए कई योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों के लिए तो यह योजनाएं संजीवनी का कार्य कर रही हैं। उन्हीं योजनाओं में से एक है आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना। इस योजना के तहत बनने वाले गोल्डन कार्ड के माध्यम से जरूरतमंद एवं असहाय लोग प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज पा रहे हैं। रोहतास जिले में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लेकर चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान का बेहतर परिणाम देखने को मिल रहा है। आयुष्मान योजना के तहत बनने वाले गोल्डन कार्ड में रोहतास जिला सूबे में प्रथम स्थान पर है। जिले में काफी संख्या में लोग इस योजना का लाभ भी उठा रहे हैं। रोहतास जिले में लक्ष्य के विरुद्ध 27.53 प्रतिशत लोगों का गोल्डन कार्ड बनाया गया है, परंतु यह प्रतिशत बिहार के अन्य जिलों से सबसे आगे है।

**लक्ष्य के विरुद्ध बने 3.65 लाख से अधिक गोल्डन कार्ड :** जिला आयुष्मान योजना कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रोहतास जिले में कुल 13 लाख 25 हजार 959 लोगों का गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके विरुद्ध जिले में अब तक 3 लाख 65 हजार 165 लोगों का गोल्डन कार्ड बनाकर निर्गत कर दिया गया है। विभाग के अनुसार इस गोल्डन कार्ड के माध्यम से दिसम्बर 2022 तक 24 हजार 656 लोगों ने इस योजना का लाभ उठा लिया है। इसमें से सर्वाधिक 20195 लाभार्थियों ने जिले के निजी अस्पतालों में इस योजना के तहत इलाज करा कर लाभ उठाया है जबकि 4661 लाभार्थियों ने जिले के सरकारी अस्पतालों में लाभ उठाया है।

**14.33 करोड़ से अधिक राशि किया गया निर्गत :** रोहतास जिले में बनाए गए 3 लाख 65 हजार 165 गोल्डन कार्ड के 24,656 लाभार्थियों ने इस योजना का लाभ लिया है। इसके लिए सरकार ने अब तक कुल 14 करोड़ 33 लाख 42 हजार 384 रुपए निर्गत किया है। जो जिले में आयुष्मान योजना का लाभ दे रहे सरकारी एवं निजी अस्पतालों को प्राप्त हुए हैं। इसमें से सर्वाधिक 12 करोड़ 11 लाख 7 हजार 744 रुपए निजी अस्पतालों में इलाज कराने वाले लोगों के लिए निर्गत किया गया है, जबकि दो करोड़ 22 लाख 34 हजार 640 रुपए सरकारी अस्पताल में इस योजना के तहत लाभ ले चुके लोगों के लिए निर्गत किया गया है।

### लोगों को किया जा रहा जागरूक

रोहतास जिला आयुष्मान योजना के जिला समन्वयक महावीर कुमार ने बताया कि गोल्डन कार्ड बनाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बैनर, पोस्टर तथा दिवाल लेखन के माध्यम से इस योजना का लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। साथ ही साथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में लगातार कैंप के माध्यम से लोगों का गोल्डन कार्ड बनाया जा रहा है। वहीं रोहतास के सिविल सर्जन डॉ. केएन तिवारी ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार की जो भी योजनाएं चलाई जा रही उक्त योजना का लाभ शत प्रतिशत लोगों तक पहुंचाने का कार्य जिला स्वास्थ्य समिति कर रही है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में चल रही योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है।

## एक नजर

### रोमांचक मुकाबले में धनबाद रेलवे ने फैज एकादश बक्सर को 6 विकेट से दी शिकस्त



**बक्सर।** किला मैदान में चल रही 17वीं फैज मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल मैच का शुभारंभ डॉ राजेश मिश्रा, डॉ अनामिका मिश्रा, डॉ. आशुतोष कुमार सिंह व डॉ वीके सिंह द्वारा किया गया। इन लोगों के अलावे बतौर अतिथि इंद्र प्रताप सिंह, डॉ तनवीर फरीदी, रेड क्रॉस के सचिव श्रवण तिवारी, लता श्रीवास्तव इत्यादि मौजूद थे। सोमवार के मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फैज एकादश बक्सर की तरफ से निर्धारित ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाया । जिसमें कप्तान पंकज वर्मा ने 50, निखिल कात्यायन ने 40 तथा प्रकाश ने 28 रनों का योगदान किया। शेष बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए ।धनबाद रेलवे की तरफ से आशुतोष ने तीन जबकि जस करण, निशांत एवं अनुराग ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। इसके जवाब में धनबाद रेलवे ने खेलते हुए 17.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 154 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। धनबाद की तरफ से इब्ने हसन ने 55 अभिषेक ने 25 पप्पू सिंह 22 श्रेष्ठ ने 11 परवेज ने नाबाद 23 रन बनाए। बक्सर की तरफ से वाचस्पति, सागर तिवारी, अमित सिंह तथा शाहबाज अफरीदी ने , 1- 1 एक विकेट प्राप्त किया। इस प्रकार धनबाद रेलवे की टीम कल खेले जाने वाले फाइनल में गया से मुकाबला करेगी। आज के मैच के दौरान ही सूचना मिली की बक्सर सदर से भाजपा के विधानसभा उम्मीदवार प्रत्याशी परशुराम चतुर्वेदी का हृदयाघात से निधन हो गया है जिसके कारण मैच को बीच में रोककर दो मिनट का मौन उनकी आत्मा की शांति के लिए रखा गया। मैच में अतिथियों के अलावे सेठ छन्नूलाल, त्रिलोकी नाथ मिश्रा अनुराग पांडे, शिव बिहारी पांडे, नरेंद्र ओझा, लता श्रीवास्तव, अनिल पासवान, रामनाथ सिंह, संजय चौधरी, दीनानाथ ठाकुर, आयोजन समिति के संजय राय, दुर्गा वर्मा, फसी आलम, फरह अंसारी इत्यादि मौजूद थे। मैच में एंपायर की भूमिका में राजीव कुमार मिश्रा, निरंजन कुमार थे। कॉमेंटेटर इमरान फरीदी व विकी जयसवाल तथा स्कोरर आफताब आलम एवं गोपाल प्रसाद थे।

### आरडीपी पब्लिक स्कूल में जेवीके एंटरटेनमेंट कंपनी के द्वारा आयोजित की गई बैठक



**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र के आरडीपी पब्लिक स्कूल में जेवीके इंटरटेनमेंट कंपनी के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कंपनी के मालिक विकास तिवारी ने जबकि मंच संचालन सौरभ पाठक ने किया। विकास ने बताया कि भोजपुरी में जेविके इंटरटेनमेंट एक बहुत बड़ा आगाज करने जा रहा है। जिसका उद्घाटन 18 जनवरी को फरीदाबाद के निजी होटल में किया जाएगा। इस कंपनी की शुरूआत भोजपुरी के जाने-माने कलाकार अंकुश राजा के गीतों से शुरू किया जा रहा है। संचालन कर रहे सौरभ पाठक ने बताया कि इस कंपनी के द्वारा भोजपुरी के सैकड़ों कलाकारों को एक रोजगार मिलेगा और एक बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा। इस कंपनी की शुरूआत करने के लिए एक साथ दर्जनों कलाकार को साइन किया गया है। जिसमें अरविंद अकेला कल्लू, रितेश पांडे, टुनटुन यादव, रंजीत कुमार, बक्सर का लाल और भोजपुरी का गायक से अभिनेता लिटिल स्टार आर्यन बाबू सिंगर रोशन तिवारी सहित अमृता दीक्षित, निशा उपाध्याय, अनुपमा यादव, शिवेश मिश्र, मोहन राठौर, खुशी तिवारी, श्वेता तिवारी, आलोक कुमार भोजपुरी के कई जाने-माने कलाकार इस कंपनी के द्वारा अपना जलवा बिछड़ेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कैमरामैन शत्रुघ्न तिवारी, आशुतोष तिवारी, संगीत कुमार, सोनू, महेश परदेसी, विक्की बॉक्स, गोलू यादव, विकास बेदर्दी, पवन तिवारी, उपेंद्र उजाला,प्रकाश तिवारी, अमर तिवारी, मिथलेश पांडे ,जोया खान, महिमा सिंह, चाहत राज, जुली राजपूत, बन्नू द ग्रेट रत्नेश कुमार सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

### धार्मिक अनुष्ठान को लेकर गुलजार हुए घाट

**बक्सर।** पौष मास में खरमास के कारण आये दिन धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराने को लेकर सिद्धाश्रम बक्सर के गंगा तटों पर भारी भीड़ उमड़ती रहती है।किंतु खरमास माह में हिंदू धर्म शास्त्रों के हिसाब से समस्त मांगलिक कार्य निषिद्ध माना जाता है। किंतु जैसे ही खरमास माह मकर संक्रांति के साथ बिता है।इस माह के कारण गंगा घाटों पर पसरी वीरानगी भगवान भास्कर के उत्तरायण होते ही लौटने लगी है।सोमवार को कुछ ऐसा ही नजारा शहर के ऐतिहासिक रामरेखा घाट पर देखने को मिला जब पास-पड़ोस के क्षेत्रों से लेकर दूर दराज के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराने से लेकर बच्चों के मुंडन संस्कार और मन्नत पूरी होने पर मां गंगा के पूजन के लिए उमड़ी।मांगलिक गीतों और बैंड बाजे की धुनों संग पारंपरिक वाद्ययंत्रों के संग लोकगायन की सुमधुर गीतों और भजनों से घाट का पूरा माहौल सराबोर दिखा।इस संबंध में पूछे जाने पर पंडा समाज के लाला पांडेय ने बताया कि खरमास माह के बितते अब लगन का मुहूर्त शुरू हो गया है।इस शुभ मुहूर्त में बच्चों के मुंडन संस्कार, मां गंगा से मांगी हुई मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालुओं का पूजन अर्चन के लिए आना जाना शुरू हो गया है। वहीं वैवाहिक कार्यक्रम को लेकर भी पूजन करने और अन्य रस्मों को पूरा करने के लिए घाटों पर अब भारी संख्या में श्रद्धालु आते रहेंगे।

# सूबे के मुखिया की अगवानी की बढ़ी कवायद, कृषि कॉलेज व कठार आ सकते हैं सीएम

- दोनों जगहों पर पूरे दिन लगा रहा अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों का जमावड़ा
- समाधान यात्रा के तहत बक्सर आ रहे है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सूबे के मुखिया नीतीश कुमार 18 जनवरी को समाधान यात्रा के तहत बक्सर आ रहे है। इस दौरान उनके डुमरांव अनुमंडल में ही आने की उम्मीद है। हालांकि अभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के यात्रा का अधिकारिक शेड्यूल जारी नहीं हुआ है। लेकिन जिस तरीके से डुमरांव के वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज और एनएच 84 से सटे कठार गांव में प्रशासनिक व जनप्रतिनिधियों की कवायदें बढ़ गई है उससे इस बात को बल मिल रहा है कि मुख्यमंत्री दोनों जगहों पर आएंगे। सूत्रों के अनुसार हाल ही में दिवंगत हुए डुमरांव के पूर्व विधायक व सचेतक रहे डॉ. दाउद अली के परिजनों से मिल मुख्यमंत्री उन्हें सांत्वना देंगे। संभावना जताई जा रही है कि उनके समाधान यात्रा का केन्द्र कठार होगा।

जबकि कृषि कॉलेज में वे समीक्षा बैठक कर सकते है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि होना बाकी है। लेकिन सोमवार को कृषि कॉलेज व कठार गांव में कवायदें बढ़ी रही। एक तरफ कृषि कॉलेज में डीएम अमन समीर, एसपी मनीष कुमार, कमीश्नर व डीआईजी रैंक के अधिकारियों ने दौरा कर तैयारियों को जायजा लिया तो दूसरी तरफ जदयू की प्रत्याशी रही अंजुम आरा के नेतृत्व में जदयू का एक शिष्टमंडल भी कृषि कॉलेज पहुंच जायजा लिया।



कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श करते जदयू के नेतागण, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी व अन्य

वहीं, कृषि कॉलेज के साथ ही डुमरांव के सभी रास्तों को संवारा सजाया जा रहा है। रातों रात महरौरा पथ का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है तो स्टेशन रोड के किनारे उगी झाड़ियों तथा घासों की सफाई भी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। बताया जाता है कि पिछले दो दिनों से बक्सर डीएम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का काफिला जायजा लेने कृषि कॉलेज पहुंच रहा है। सोमवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डीडीसी बक्सर डॉ. महेंद्र पाल, एसडीएम कुमार पंकज, एएसपी राज के अलावे अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। वहीं, दूसरी तरफ कठार में एसडीएम कुमार पंकज ने सोमवार को जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों को परखा है। कठार उच्च विद्यालय परिसर में हुई बैठक में एसडीएम कुमार पंकज के साथ सिमरी बीडीओ शशिकांत शर्मा, प्रखंड प्रमुख प्रियंका पाठक तथा पंचायत के सभी मुखिया मौजूद थे। एसडीएम ने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर इसे अविलंब पूरा करने को कहा। ताकी मुख्यमंत्री के सामने फजीहत न झेलनी पड़े।

## खबरें फटाफट

### महिलाओं से अभद्रता मामले में 6 पर केस

**डुमरांव।** कोरान सराय थाना क्षेत्र के हरनीचट्टी टोला गांव में नामजदों ने घर में घुस महिलाओं से अभद्रता की है। विरोध करने पर परिजनों को भी पिटा गया है। मामले में पीड़ित सतार नट ने मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोरानसराय थाना में आवेदन देकर छह लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मैं अपने भाई संतोष नट के साथ अदफा गांव गया था। घर लौटा तो इसी दौरान गांव के घुलेटन, अमरजीत, नियाजुदीन सहित छह लोग औरतों के साथ गाली–गलौज कर रहे थे। जब हमने इस पर विरोध जताया तो वे लोग ने मेरे और मेरे परिवार वालों के साथ मारपीट करने लगे। जिसमें मैं और मेरा पुत्र राजेश, भाई संतोष, बहन इंदु और जख्मी हो गए। हो–हल्ला सुनकर आसपास के लोग जुटे तब तक नामजद भाग गये। लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उपचार किया।

### अयानत में कल लगेगा रोजगार मेला

**डुमरांव।** नगर के साफाखाना रोड स्थित अयानत कुशल युवा प्रशिक्षण केन्द्र में बुधवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। यह रोजगार मेला जिला नियोजनालय के सौजन्य से आयोजित किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए अयानत के निदेशक मनोरंजन कुमार ने बताया कि रोजगार मेला में कुशल युवा प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को इंटव्यू के बाद रोजगार के लिए चयनित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह मेला बेरोजगार व केवाईपी प्रशिक्षित युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि बुधवार को सुबह नौ बजे से रोजगार मेला शुरू हो जाएगा।

### ड्यूटी से अनुपस्थित एमओ को शोकॉज

**बक्सर।** बक्सर के शहरी प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र के चिकित्सक डा अली अरीफ अहमद सोमवार को दोपहर अपने ड्यूटी से गायब थे। इस दौरान अस्पताल में एक इमरजेंसी मरीज आया। लेकिन डाक्टर के अभाव में उसका इलाज नहीं हो सका। इसकी जानकारी जब सदर पीएचसी प्रभारी को दी गई तो उन्होंने उनसे मोबाईल पर ड्यूटि पर नहीं आने का कारण पूछा गया तो वे थोड़ी देर में आने की बात कह मोबाईल स्वीच ऑफ कर लिए तथा शाम तक नहीं लौटे। इसके बाद चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा वहा वैकल्पिक चिकित्सक की तैनाती करने के साथ ही ड्यूटी के दौरान गायब रहने वाले चिकित्सक से स्पष्टीकरण पूछा है।

## प्रदर्शन: 11 आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर घंटों अड़े रहे लोग

# मारपीट में घायल की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव रख किया सड़क जाम

- अधिकारियों के समझाने व कार्रवाई के आश्वासन के बाद माने ग्रामीण
- नाराज लोगों ने पुलिस अधिकारियों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**केटी न्यूज/बक्सर**



सड़क जाम करते आक्रोशित ग्रामीण

बीते एक जनवरी को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुरदास मठिया गांव में लड़कों के विवाद में दबंगों द्वारा हुई मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल मदन राम का वाराणसी ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार को शव को लेकर अंतिम संस्कार करने जा रहे ग्रामीणों ने ज्योति प्रकाश चौक के पास शव को रखकर मुआवजे की मांग और दबंगों की तत्काल गिरफ्तारी को लेकर सड़क जाम कर दिया। जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस बात की जानकारी होने पर हरकत में आया प्रशासनिक महकमा मौके पर पहुंच आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने बुझाने लगे। किंतु ग्रामीण दलित गरीब मदन राम के परिवार को मुआवजे की मांग के साथ-साथ इस घटना में शामिल नामजद 11 आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। मौके पर उपस्थित ग्रामीण जितेंद्र राम ने बताया कि मदन राम के घर गृहस्थी का सारा दारोमदार उसी के कंधे पर था। अब उसकी मौत हो जाने से सारा परिवार भूखों मरने के कगार पर आ जाएगा। अतः आवश्यक है कि शासन प्रशासन द्वारा इस दलित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ-साथ पुलिसिया लापरवाही से खुलेआम घूम रहे आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। जाम स्थल पर पहुंचे एसडीओ सदर धीरेंद्र मिश्र एसडीपीओ गोरख राम द्वारा शासन स्तर से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद का आश्वासन देने के साथ-साथ इस घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन देने के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया और शव को उठाकर अंतिम संस्कार के लिए चल पड़े।

### आपसी विवाद में जमकर बरसाई गई थी लाठियां

छोटका नुआंव पंचायत के पूर्व मुखिया जयप्रकाश कुमार ने बताया कि नववर्ष के पहले ही दिन मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालगंज गांव में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। जिसमें गाली–गलौज व कहा सुनी के बाद दोनों तरफ से जमकर लाठियां बरसाई गई थी। इस मारपीट में कई लोग जख्मी हुए थे। जिनमें एक पक्ष के मदन राम को गम्भीर चोट आई थी। स्व. मदन राम राज मिस्त्री थे। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें अन्यत्र ले जाने की सलाह दी गई। जिसके बाद परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए वाराणसी लेकर चले गए थे। सुबह उनकी मौत की जानकारी मिलते ही उनके पक्ष के लोगों में आक्रोश गहरा गया तथा लोगों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया था। सड़क जाम किए जाने से घंटों परिचालन बाधित रहा।

घटना के दिन ही दलित थाने में एफआईआर दर्ज करके अभियुक्तों के गिरफ्तारी को लेकर पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही इस घटनाक्रम को लेकर प्रशासन द्वारा भी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। कागजी प्रक्रिया पूरी कर उचित मुआबजा दिया जाएगा।

*– धीरेंद्र कुमार मिश्र, एसडीओ सदर*

## चिराग पासवान ने चौसा कांड को लेकर पीएम से की नीतीश कुमार की शिकायत

**केटी न्यूज/बक्सर**

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने पिछले दिनों बक्सर में किसानों के साथ हुई बर्बरता को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बिहार सरकार की शिकायत की है। चिराग ने इस संबंध में केंद्र सरकार को तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। जमुई सांसद ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा जमीन अधिग्रहण करने के बाद भी किसानों को निर्धारित प्रावधान के तहत मुआवजा नहीं दिया गया है।

किसानों की बहुफसली 250 एकड़ उपजाऊ जमीन अधिग्रहित किया जा रहा है। इसके बदले में उनको बजार मूल्य नहीं दिया जा रहा है। इतना ही नहीं इससे अनुसूचित जाति-जनजाति के 250 लोग बेघर हो गए हैं। इन्हें भी किसी तरह से कोई भी सरकारी मदद नहीं मिल रहा है। इसलिए केंद्र सरकार को तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए और किसानों को उचित मुआवजा दिलवाना चाहिए बता दें कि, बक्सर के चौसा में बिजलीघर के लिए राज्य सरकार द्वारा किसानों की जमीन अधिग्रहण की गई है। इसके बाद से किसान इस बात को लेकर अनशन पर बैठ गए थे कि उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। जिसके बाद पिछले दिनों एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। जिसमें यह देख रहा था कि पुलिस के द्वारा आधी रात किसानों के घर में जाकर उसकी पिटाई कर दी गई। जिसके बाद से किसान भी उग्र हो गए और उनके द्वारा पुलिस की गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया इसके बाद फिर से पुलिस द्वारा लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया गया। जिसके बाद इस मामले को सभी तरफ चर्चा तेज है।

## आक्रोश मार्च निकाल रहे भाजपा नेता परशुराम चतुर्वेदी की हार्ट अटैक से मौत

- अमर शहीद भगत सिंह को माल्यापर्ण करने के बाद बिगड़ी तबीयत

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर से भाजपा के प्रत्याशी रहे परशुराम चतुर्वेदी का सोमवार को हार्ट अटैक आने से निधन हो गया है। जिस वक्त उन्हें हार्ट अटैक आया उस समय वे पार्टी द्वारा चौसा में किसानों पर पुलिसिया जुल्म तथा केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के अपमान के खिलाफ भाजपा द्वारा आयोजित आक्रोश मार्च में शामिल थे। किला मैदान से शहीद पार्क तक निकले आक्रोश मार्च का नेतृत्व भी स्व चतुर्वेदी कर रहे थे। आक्रोश मार्च शहीद भगत सिंह चौक पहुंच भी गया था। परशुराम चतुर्वेदी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने अमर शहीद भगत सिंह को माल्यार्पण किया। इसके तुरंत बाद वे जमीन पर गिर पड़े। आनन फानन में उन्हें पहले



बक्सर अनुमंडलीय अस्पताल और फिर बाद में सदर अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके मौत की खबर मिलते ही भाजपाईयों में शोक की लहर दौड़ गई। 52 वर्षीय परशुराम चतुर्वेदी मूल रूप से बक्सर से सटे महदह के रहने वाले थे। छात्र जीवन से ही वे राजनीति में सक्रिय हुए थे। जानकारों ने बताया कि फिलवक्त वे भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के कार्यसमिति सदस्य थे। जबकि पूर्व में वे बिहार पुलिस में नौकरी भी कर चुके थे। नौकरी छोड़ राजनीति में सक्रिय हुए थे। अचानक हुई उनकी मौत से भाजपाईयों में शोक की लहर दौड़ गई है। इस घटना के बाद कार्यक्रम स्थल पर मौजूद कार्यकताओं में अफरा तफरी मच गई है। सभी उन्हें जल्दी अस्पताल ले गए। लेकिन तबतक देर हो चुकी थी। उनके निधन से बक्सर भाजपा को अपूर्णीय क्षति पहुंची है। मौके पर मौजूद भाजपा नेता पुनित सिंह, राहुल दूबे आदि ने बताया कि उनलोगों ने उन्हें बचाने का पूरा प्रयास किया लेकिन बचा नहीं सके।

## एक नजर

### सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सुमित्रा कॉलेज में आयोजित हुई कार्यशाला, दी गई जानकारी




**डुमरांव।** सोमवार को सुमित्रा महिला महाविद्यालय के सभागार में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। एनएसएस के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शोभा सिंह ने किया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन नहीं करना सड़क दुर्घटनाओं का सबसे प्रमुख कारण है। भारत में प्रतिवर्ष लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते है। हम सब का कर्तब्य बनाता है कि यातायात के नियमों के पालन करने हेतु लोगों को जागरूक बनाए ताकि आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो श्रीकांत सिंह ने कहा कि विश्व में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं भारत में होती है। उन्होंने कहा कि परिवहन नियमों का पालन कर इसमें कमी लाई जा सकती है। कार्यक्रम में छात्राओं ने सड़क सुरक्षा से सम्बंधित अनेक स्लोगन प्रस्तुत किए। छात्राओं ने वृत्तचित्र बना कर लोंगो को जागरूक करने का सफल प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो सुभाषचंद्रशेखर ने किया। कार्यशाला को प्रो. सुरेशचंद्र त्रिपाठी, डॉ मनोज कुमार, प्रो शम्भूनाथ शिवेंद्र, प्रो धनंजय दुबे, प्रो मिथलेश कुमार आदि ने सम्बोधित किया। कार्यशाला में पवन कुमार चीकू, सलोनी, प्रीति, अन्यन्या आदि ने भाग लिया। सलोनी, रानी एवं पूजा द्वारा बनाए गए बैनर काफी प्रेरणादायक थे।

### तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला संपन्न

**नावानगर।** सिकरौल लख स्थित ठोरा नदी के तट पर लगने वाली तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेला सोमवार को संपन्न हो गया। अंतिम दिन आस्थावानों की जमकर भीड़ उमड़ पड़ी थी। मेला में ग्रामीण परंपरा की झलक देखने को मिली। इलाकाई लोगों ने बढ़-चढ़कर मेले में हिस्सा लिया। मेला में भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक बांस की दूरी तय करने में घंटे भर का समय लग जा रहा था। बताया जाता है कि मकर संक्रांति पर लगने वाला यह मेला पूरे क्षेत्र मे प्रसिद्ध है। जहां दूर-दराज के गांवों सहित सीमावर्ती जिला रोहतास के कई गांवों के लोग जुटते हैं। मेले में बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर जिले के व्यवसायी प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी चाट पकौड़ा, छोले-जलेबी, मिठाई की दुकान सहित महिला सौंदर्य व प्रसाधन की दुकानें सहित चीनी मिट्टी की खिलौने व बर्तनों की दुकानें पर लोगों की भीड़ उमड़ रही। मेले में एक तरफ सर्कस, चरखी-झूला, कठफोड़वा, जादुई तिलस्म सहित बच्चों के ढेर सारे खेल-खिलौने लोगों को खूब लुभा रहे थे। वहीं, प्रशासनिक स्तर पर देखा जाए तो व्यवस्था पूरी तरह सुद्दढ़ नहीं देखा गया।

### विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी छात्रों की प्रतिभा

**नावानगर।** सोनवर्षा के स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट तैयार किया था। यह प्रोजेक्ट विद्यालय के छात्रों ने अपनी सोच एवं जिज्ञासा से तैयार किया था। जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध थे। प्रदर्शनी में पहुंचे लोगों ने छात्रों की प्रोजेक्ट देखकर काफी तारीफ कर रहे थे। प्रदर्शनी में साइंस विषय पर आधारित छात्रों ने प्रोजेक्ट तैयार किया था। प्रदर्शनी का उद्घाटन सोनवर्षा के सच्चिदानन्द ओझा एवं जनता कॉलेज लोहई के पूर्व प्रधानाध्यापक राम बच्चन सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान विद्यालय के डायरेक्टर सह प्रधानाध्यापक अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि वैज्ञानिक समझ विकसित करने एवं बच्चों की सोध तथा उनमें उत्साह बढ़ाने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। कहा इससे बच्चों में अलग कुछ कर दिखाने की जज्बा एवं प्रेरणा मिलती है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक अजय चौधरी, रजनीश ओझा, ज्योति चौधरी, शोभा देवी, जागृति चौधरी, ओमप्रकाश पाण्डेय, मृत्युंजय ओझा, कलामुद्दीन अंसारी, मदन साह, अखिलेश पाठक समेत अन्य थे।

### दावथ की टीम ने अटांव को 1–0 से हराकर अंतरजिला फुटबॉल टूनार्मेंट का जीता खिताब

**केसठ।** प्रखंड के केसठ हाई स्कूल स्थित खेल मैदान पर अंतर जिला स्तरीय फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मुकाबला सोमवार को खेला गया। खेल का उदघाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष विद्या भारती एवं बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल ही एक ऐसा माध्यम है, जो युवा वर्ग को एक दूसरे से जोड़ कर रखता हैं। खेल के क्षेत्र में भी युवा अपना भविष्य बना सकते हैं। खेल से युवाओं का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता हैं। फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मुकाबला दावथ, रोहतास बनाम अटांव, बक्सर के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले हाफ तक दावथ की टीम एक गोल से आगे रही। इसके बाद दावथ की टीम ने रोमांचक मुकाबले में अटांव को एक गोल से हरा दिया। इस प्रकार दावथ की टीम ने एक गोल से जीतकर शील्ड पर कब्जा जमा लिया। वहीं, खेल का नेतृत्व असलम भाई ने किया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका मनोज पासवान ने निभाई। कमेंट्री की भुमिका विनोद मास्टर एवं गुड्डू सिंह ने संयुक्त रूप से निभाई। अंत में मुख्य अतिथि ने विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड देकर पुरस्कृत किया। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्रमुख मुन्ना सिंह, उप प्रमुख अमरेंद्र कुमार, मुखिया अरविंद कुमार सिंह, रामपुर मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडेय, सरपंच विष्णुदेव पासवान, दुर्गावती देवी, इंद्रमणि सिंह, मदन प्रसाद, श्रीकांत कुमार यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## हाइड्रोसील के अलावा अन्य संक्रमित अंगों को ऑपरेशन से ठीक नहीं किया जा सकता

# समय पर इलाज नहीं होने से कई अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है फाइलेरिया

- स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीज का होता है निःशुल्क उपचार

**केटी न्यूज/बक्सर**

फाइलेरिया को आम भाषा में हाथीपांव रोग कहा जाता है। यह बीमारी मच्छर के काटने से फैलती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दीर्घकलिक दिव्यांगता की एक बड़ी वजह फाइलेरिया है। यह एक ऐसी घातक बीमारी है, जो शरीर को धीरे-धीरे खराब करती है। इस वजह से इस बीमारी का पता समय पर नहीं लग पाता और कुछ समय बाद यह काफी फैल जाती है। एक्सपर्ट का कहना है कि यदि समय पर फाइलेरिया का पता चल जाता है, तो



इसका प्रबंधन संभव है। फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है। यह एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। फाइलेरिया के कारण इंसान कुरूप, त्वचा मोटी और हाथ-पैरों और रिप्रोडक्टिव ऑर्गन आदि अंगों का वजन बढ़ जाता है। फाइलेरिया मुख्यतः मनुष्य के शरीर के चार अंगों को प्रभावित करता है। जिसमें पैर, हाथ, हाइड्रोसील एवं महिलाओं का स्तन शामिल हैं। हाइड्रोसील के अलावा फाइलेरिया संक्रमित अन्य अंगों को ऑपरेशन द्वारा ठीक नहीं किया जा सकता है।

### लोगों को दी जाती है फाइलेरिया रोधी दवाइयां

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, सरकार व स्वास्थ्य विभाग फाइलेरिया बीमारी से निपटने के लिए अभियान के तहत कार्य कर रहा है। इसके लिए दो साल से छोटे बच्चों, गंभीर बीमारियों के रोगियों और गर्भवती महिलाओं को छोड़कर सभी को फाइलेरिया रोधी दवाइयां दी जा सकती हैं। साथ ही, जिले के लोगों को डीईसी और अल्बेंडाजोल जैसी फाइलेरिया रोधी दवाइयां दी जाती हैं। ये दवाइयां माइक्रोफाइलेरिया लार्वा को रक्तप्रवाह से हटाने का काम करती हैं। यदि किसी को इस बीमारी के लक्षण नजर आते हैं तो वे घबराएं नहीं। स्वास्थ्य विभाग के पास इसका पूरा उपचार उपलब्ध है। विभाग स्तर पर मरीज का पूरा उपचार निःशुल्क होता है। इसलिए सीधे सरकारी अस्पताल जाएं।

### इन बातों का रखना चाहिए विशेष ध्यान

- सोते समय पूरी बाजू के कपड़े पहनने चाहिए
- मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें
- अपने आसपास कूड़ा और गंदगी जमा न होने दें
- नालियों की अच्छे से सफाई करवाएं।

**कई सालों तक नजर नहीं आते फाइलेरिया के लक्षण :** वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार रजीव कुमार ने बताया, आमतौर पर फाइलेरिया के कोई लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते, लेकिन बुखार, बदन में खुजली और पुरुषों के जननांग और उसके आस-पास दर्द व सूजन की समस्या दिखाई देती है। इसके अलावा पैरों और हाथों में सूजन, हाथी पांव और हाइड्रोसील भी फाइलेरिया के लक्षण हैं। चूंकि इस बीमारी में हाथ और पैर हाथी के पांव जितने सूज जाते हैं इसलिए इस बीमारी को हाथीपांव कहा जाता है। वैसे तो फाइलेरिया का संक्रमण बचपन में ही आ जाता है, लेकिन कई सालों तक इसके लक्षण नजर नहीं आते। फाइलेरिया न सिर्फ व्यक्ति को विकलांग बना देती है बल्कि इससे मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता।

## छोटी खबरें

### ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

**मऊ।** कोपागंज क्षेत्र के ग्राम कटवांस के राजभर बस्ती में नाली और रास्ता न होने से लोगों का जीवन दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने कई बार इस वावत ग्राम प्रधान से लेकर ब्लॉक तक आवाज उठायी। लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इससे ग्रामीण काफी खिन्न व परेशान है। इसे लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को प्रधान और ब्लाक अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। सभी का कहना था कि नाली और रास्ता न बनने से बरसात के अलावा घरों का गन्दा पानी कच्चे रास्ते पर इकट्ठा हो रहा है जिससे गन्दगी फैली हुई है। यही नहीं उक्त गन्दे पानी से उठने वाली दुर्गन्ध से सभी का घरो में बैठना खाना भी मुश्किल हो गया है। चेताया कि अगर अविलंब नाली का निर्माण शुरू नहीं हुआ, तो बड़ा आंदोलन होगा। कोपागंज ब्लाक के ग्राम पंचायत कटवांस के राजभर बस्ती में करीब 70 घर है। घनी आबादी होने के बाबजूद भी बस्ती वाले रास्ता और नाली की सुबिधा से दूर है। कई बार ग्रामीणों ने इसे लेकर प्रधान और ब्लॉक अधिकारियों से गुहार लगायी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुयी।

### अधिवक्ता को दी गई श्रद्धांजलि

**मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना अधिवक्ता एसोसिएशन की आवश्यक बैठक सोमवार को तहसील में संपन्न हुई। जिसमें तहसील अधिवक्ता एल्डर कमेटी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शब्बीर अहमद एडवोकेट के असामयिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर गत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसोसिएशन के अध्यक्ष खालीद जमाल खान ने कहा कि शब्बीर साहब के निधन से सभी अधिवक्ता काफी दुखी हैं। मृदुल भाषी वरिष्ठ अधिवक्ता शब्बीर साहब अपनी पूरी जिंदगी बड़ी सादगी के साथ व्यतीत की और अपने कनिष्ठ अधिवक्ताओं की सदैव हौसला बढ़ाने का काम करते रहे। इस दौरान मंत्री संतलाल, पूर्व अध्यक्ष एजाज अहमद, विनय कुमार श्रीवास्तव, आबिद एजाज, लाल बहादुर, लालजी गौतम व अन्य मौजूद रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के बाड़ा कटबनिया गांव के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि धर्मेंद्र पुत्र उमाशंकर 32 वर्ष निवासी बाड़ा थाना कोपागंज रविवार की देर शाम लगभग 7:30 अपने घर से दवा लेने के लिए निकला था अभी वह बाडा कटबनिया गांव के पास रेलवे ट्रैक पार कर ही रहा था कि अचानक किसी ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तभी किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हटाया गया अतिक्रमण, नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों का काटा चालान

**केटी न्यूज/बलिया**

■ एक जनवरी से अब तक 2493 गाड़ियों का काटा गया चालान

उत्तर प्रदेश शासन के मंशानुरूप पुलिस अधीक्षक बलिया राजकरण नय्यर के निर्देश के क्रम में यातायात सीओ मोहम्मद फहीम ने नगर क्षेत्र में लोगो द्वारा पटरियों पर किए गए अतिक्रमण से निजात दिलाने के लिए अपने मातहतों के साथ नगर क्षेत्र में भ्रमण किया। लोगों से अपील की है कि यातायात व्यवस्था को बाधित किए बिना अपने दुकानों को संचालित करें। यातायात नियमों का पालन कराने के लिए प्रत्येक दिन यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान किया जा रहा है।

नगर क्षेत्र में भ्रमण के दौरान गैर पार्किंग जगहों पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का चालान कर लोगों को हिदायत दिया कि बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट लगाए गाड़ी ना चलाए। एक जनवरी 2023 से अब तक 2493 गाड़ियों का चालान 18 गाड़ियों को सीज कर 205500 रुपए की धनराशि समन शुल्क वसूला किया जा चुका है। नगर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीओ ट्रैफिक मोहमद फहीम के नेतृत्व में



नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों की जांच करते पुलिस कर्मी



दुकान के सामने से अतिक्रमण हटवाते पुलिस अधिकारी व जवान

पैदल गस्त की गई। नगर क्षेत्र में पैदल चलकर लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गयी। साथ ही लोगों को सड़क के ऊपर कोई भी अतिक्रमण न करने के लिए कहा गया। इस दौरान शहर कोतवाल राजीव कुमार सिंह, यातायात प्रभारी राकेश कुमार सिंह, ओकडेनगंज चौकी प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी के साथ अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## नेपाल सरकार से मुआवजे की मांग को ले ग्रामीणों ने दिया धरना

# नेपाल ऐरोप्लेन हादसा: शोक में पूरे दिन बंद रहा जहूराबाद व अलावलपुर बाजार

■ केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा कोई घोषणा नहीं करने से लोगों में आक्रोश

■ पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर चार घंटे बाद जाम हटवाया

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नेपाल के पोखरा में हुए विमान दुर्घटना में मृत चार युवकों के शोक में मंगलवार को जहूराबाद और अलावलपुर बाजार पूरी तरह से बंद रहा। चारों तरफ सन्नाटा पसरा रहा। उधर नेपाल सरकार से मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने अलावलपुर में धरना शुरू कर दिया। बरेसर थानाध्यक्ष ने समझा-बुझाकर किसी तरह चार घंटे बाद लोगों को शांत किया। नेपाल के सुप्रसिद्ध पिकनिक स्थल पोखरा जाने के लिए कांठमांडू से प्लेन द्वारा जा रहे सोनू जायसवाल, अनिल राजभर, विशाल शर्मा और अभिषेक सिंह कुशवाहा की विमान दुर्घटना में मौत हो गई थी। देर रात तक अधिकारियों का दल पीड़ित परिजनों से मिलकर जानकारी



धरने पर बैठे नाराज ग्रामीण व दुकानदार

लेने में जुटा रहा। उधर घटना की जानकारी होते ही चकजैनब, अलावलपुर अफगां और धरवां गांव के लोग शोक में डूब गए।

दूसरे दिन मृत युवकों की शोक में जहूराबाद और अलावलपुर बाजार पूरे दिन बंद रहा। प्रतिदिन चहल-पहल वाले बाजार में मातमी सन्नाटा पसरा रहा। चाय-पान की दुकानें भी बंद रहीं। हादसे की भयावहता को सोचकर ही ग्रामीणों की जुबां कांप उठ थी। गांव ही नहीं क्षेत्र केलोग मृतकों के दरवाजे पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देने में जुटे हुए थे। सोमवार को सुबह आठ बजे अलावलपुर स्थित सार्वजनिक स्थल पर ग्रामीणों ने धरना शुरू कर दिया। ग्रामीण आर्थिक सहायता की मांग को लेकर आक्रोशित दिखाई दिए। अभी तक केंद्र व प्रदेश किसी सरकार कोई घोषणा नहीं की गई है। उधर धरना- प्रदर्शन की जानकारी होते ही बरेसर थानाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने- बुझाने में जुटे रहे। उन्हें धरना दे रहे ग्रामीणों को बताया कि विमान यात्रियों का बीमा होता है, जो क्लेम होगा वह परिजनों को मिलेगा। साथ ही जिला प्रशासन पीड़ित परिजनों के हर संभव मदद और उनके दुःख में खड़ा है। क्षेत्र के अन्य लोगों ने भी ग्रामीणों को समझाया-बुझाया। तब जाकर सुबह 11 बजे धरना समाप्त हुआ।

## पलक झपकते ही पहाड़ों ने ली दोस्तों की जान

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद अंतर्गत कासिमाबाद तहसील के रहने वाले सोनू अपने दोस्तों की लाइव वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर कर रहे थे। लाइव वीडियो में आप देख सकते हैं कि सभी साथी काफी खुश हैं और पहाड़ों और नदियों से गुजर रही फ्लाइट के अद्भुत दृश्यों को देखकर आनंदित भी थे।

इसी बीच एकाएक फ्लाइट एक पहाड़ से टकराई और वह आग का गोला बन गई। फिर पलक झपकते ही नेपाल फ्लाइट क्रैश हादसे में सोनू के बाजारों में काल के गाल में समा गए जिनसे वह लाइव जुड़कर उनके पर पल की खबरें ले रहा था। हादसे में संजय जायसवाल, सोनू जायसवाल, अनिल कुमार राजभर, अभिषेक कुशवाहा की मौत हो गई। इसके बाद यह लाइफ सूट उनकी मौत के साथ ही समाप्त हो गया सोनू कुछ देर के लिए नहीं समझ पाया कि आखिर हुआ क्या? लेकिन थोड़ी ही देर में हवाई जहाज के क्रैश होने की दुखद समाचार नेपाल से लेकर भारत तक में फैल गई। यह लाइव वीडियो के बारे में जब सोनू के दोस्तों ने परिजनों को बताया सभी पता लगाने में जुट गए मित्रों रिश्तेदार एवं परिजन के साथ ही जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि भी इस हादसे की हकीकत जानने का प्रयास करने लगे। लेकिन कुछ ही देर में सब कुछ सामने आ गया और परिवार में कोहराम मच गया। सोनू ने लाइव वीडियो फेसबुक पर शेयर किया और वीडियो देखने के बाद हर कोई जान गया। नेपाल में हुए इस हादसे के बारे में जिला प्रशासन ने तत्काल नेपाल से संपर्क किया और पूरी घटना का विस्तृत ब्यौरा इकट्ठा करने के बाद डीएम आर्यका अखौरी ने इसकी पुष्टि की।

## मृतकों का शव लाने के लिए नेपाल रवाना हुए परिजन

♦ मरने वालों के परिवार के एक-एक सदस्यों को किया गया रवाना

**गाजीपुर।** पड़ोसी देश नेपाल के पोखरा नामक स्थान पर रविवार को वायुयान दुर्घनाग्रस्त हो गई। करीब अपरान्ह ढ़ाई बजे अधिकारिक सूत्रों से ज्ञात हुआ कि हादसे में मृत व्यक्तियों के साथ ही गाजीपुर के भी चार व्यक्तियों के मरने की सूचना है। जनपद के मृत चार व्यक्तियों के बारे में नाम अवगत कराते हुए उनके आधार कार्ड शेयर किए गए। इस संबंध में तहसीलदार कासिमाबाद द्वारा मृत चारों व्यक्तियों के संबंध में अवगत कराते हुए बताया गया।

जिसमें अभिषेक कुशवाहा पुत्र चन्द्रमा कुशवाहा (26) निवासी ग्राम धरवॉ तहसील कासिमाबाद, सोनू जायसवाल (32) पुत्र राजेन्द्र जायसवाल निवासी ग्राम चकजैनब तहसील कासिमाबाद, विशाल शर्मा (27) पुत्र संतोष शर्मा निवासी ग्राम अलावलपुर अफगां तहसील कासिमाबाद एवं अनिल कुमार राजभर (25) पुत्र रामदरश राजभर निवासी चकदरिया (चकजैनब) तहसील कासिमाबाद है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि मृत चार व्यक्तियों के शिनाख्त के लिए चारो परिवारों से एक-एक व्यक्ति और ग्राम प्रधान कुल आठ से नौ व्यक्तियों को जिला प्रशासन द्वारा दो चारपहिया वाहन से सोमवार को रवाना किया गया है। वार्डर परमीशन के लिए जिला प्रशासन के दो कर्मचारियों को साथ में भेजा गया है,



जो 17 जनवरी को काठमांडू (नेपाल) पहुंचेंगे। वहां उन्हें पूरी तहर से जांच -पड़ताल के बाद पार्थिव शरीर हस्तगत किया जाएगा। पार्थिव शरीर वाया सड़क मार्ग द्वारा जनपद में वापस लाया जाएगा। इसकी सारी व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि पार्थिव शरीर के शिनाख्त से लेकर जनपद में आगमन तक संभवतः दो से तीन दिन का समय लग सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास काठमाण्डू में सम्बद्ध काउन्सलर दिवाकर शर्मा से लगातार मेरी वार्ता हो रही है। उन्होंने कहा कि पार्थिव शरीर पोखरा से काठमांडू ले जाया जाएगा, जहां उसकी शिनाख्त परिवारजनों की उपस्थिति में होगी तथा आवश्यकता पड़ने पर मृतक का उनके परिजनों से डीएनए मैच कराकर पुष्ट की जाएगी।

## शारदा नारायण अस्पताल में मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मऊ।** शारदा नारायण अस्पताल द्वारा आज थाने रोड स्तिथित लारी हॉस्पिटल पे नि:शुल्क विशाल चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन अस्पताल चैयरमेन डॉ. संजय सिंह मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सुजीत सिंह द्वारा फीता काट कर किया गया। शिविर में हड्डी रोग, बाल रोग, स्त्री प्रसूति रोग, नेत्र रोग आदि के लिए लोगो ने नि:शुल्क परामर्श लिया।

शिविर में सांस की जांच, बीपी, शुगर की जांच एवं नि:शुल्क दवाये वितरित की गयी। शिविर से लगभग 200 लोगों ने लाभ लिया। इस मौके पर डॉ संजय सिंह ने लोगो को जागरूक करते हुए अपील की अपना निरंतर तौर पर जांच कराते रहना चाहिए। लोगों को पता नहीं चलता है और वो धीरे धीरे बीमारी से घिर जाते है। समय रहते जागरूक होने



की जरूरत है। आगे डॉ. सिंह ने बदलते मौसम में खुद का ख्याल कैसे रखे इसके बारे में भी लोगों को बताया। इस मौके पर हड्डी रोग विशेष्ज्ञ डॉ. राहुल कुमार, बाल रोग विभाग डॉ रेहान, डॉ. एम लारी, डॉ. मणिकाला, डॉ. शुभम, महाप्रधान वीरेंद्र यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जियाउल्लाह अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

## थाली चम्मच बजा प्रधान संघ ने किया प्रदर्शन

**बलिया।** प्रधान संघ नगरा के पदाधिकारियों, सदस्यों ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित छह सूत्री मांग पत्र बीडीओ विनय कुमार वर्मा को सौंपा। इसके पूर्व प्रधानों ने थाली चमच बजाकर ब्लाक पर प्रदर्शन किया। मांग पत्र में प्रधानों ने कहा है कि मनरेगा के लिये जारी नयी गाइडलाइन को निरस्त कर पुरानी गाइडलाइन को बहाल किया जाये। प्रधानों का वेतन उनके खातों में भेंजा जाये। सामुदायिक शौचालयों के केयर टेकर व पंचायत सहायकों के मानदेय का भुगतान सरकार स्वंय करें। पंचायती राज व्यवस्था में हुए 73 वें संविधान संशोधन को उत्तर प्रदेश में भी लागू किया जाये। ग्राम प्रधानों के विरुद्ध फर्जी शिकायत करने वालों के विरुद्ध कार्यवाई की जाये। ग्राम पंचायतों में कराये जा रहे विकास कार्यों में उपयोग की जा रही सामग्रियों, मोरंग, सीमेंट, ईंट, पेवर्स ब्लाक का भुगतान बाजार मूल्य पर किया जाये।

## जख्मी युवक को सड़क पर लिटा लोगों ने किया चक्का जाम

**केटी न्यूज/बलिया**

सोमवार को सुखपुरा चौराहे पर उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक जख्मी हालत में युवक को लिटाकर लोगों ने सड़क जाम कर दिया। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा युवक की हालत के लिए जिम्मेदार लोगों पर प्राथमिकी और पीड़ित युवक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग करने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाइश दी। लेकिन, लोग उनकी बातों को सुनने को तैयार नहीं थे। जिसके बाद पुलिस जख्मी युवक को जबरिया थाना परिसर में ले आई। जिसके बाद स्थिति और भी बिगड़ गई। जहां से ग्रामीणों की भीड़ थाने की ओर रवाना हुई और उग्र तेवर के साथ थाने के समीप बलिया-



सिकंदरपुर मार्ग को जाम कर दिया। इस दौरान पुलिस को बल का भी प्रयोग करना पड़ा। लेकिन, स्थिति पर काबू पाते हुए पुलिस ने लोगों को एक बार फिर समझाना शुरू किया। युवक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने युवक को मारने वालों पर मुकदमा करने एवं इलाज हेतु धन की मांग पर अड़े रहे। इस बीच पुलिस द्वारा युवक का इलाज कराने, मेडिकल के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के आश्वासन दिया गया। जिसके बाद जाम समाप्त हुआ।

**ये है मामला :** इस क्रम में युवक के गांव वालों ने बताया कि जख्मी युवक मुन्ना चौहान का बेटा मनीष चौहान है। जो गुरुवार के आधी रात को नहर के सीप एक घर घुसा था। लोगों के जगने पर उसने छत से कूदकर भागने का प्रयास किया। लेकिन परिजनों द्वारा पकड़ लिया गया। परिजनों ने उसकी काफी पिटाई की फिर पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने उसे रात को ही इलाज हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया। दो-तीन दिनों के इलाज के बाद जब उसकी हालत खराब होने लगी तो चिकित्सकों ने उसे वाराणसी रेफर कर दिया। जहां बीएचयू के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान उसकी हालत और खराब हो गई। लेकिन रुपयों के अभाव में परिजन उसे रविवार की रात घर लेकर चले आए।

**लोगों ने लगाया रिश्वत लेने का आरोप :** इस दरमियान पुलिस पर लापरवाही बरतने, रिश्वत लेकर हल्के धारा में मुकदमा दर्ज करने सहित तमाम आरोप लगाते रहे। चक्का जाम के चलते चौराहे के चारों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। आवागमन बाधित हो गया। कई स्कूलों की बस बच्चों के साथ फंस गई।

## आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए धरने पर बैठे बिजली कंपनी के अभियंता



**बलिया।** अवर अभियंता मनोज वर्मा के साथ हुई मारपीट के विरोध में सोमवार को भी राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन का धरना परमांदापुर स्थित पावर हाउस में जारी रहा।

बताया जाता है कि बीते 10 जनवरी को अवर अभियंता मनोज वर्मा अपनी टीम के साथ रामपुर उदयभान में चेकिंग में गए थे। इस दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की तथा सरकारी काम में बाधा डाले। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर संगठन ने बीते 13 दिसंबर से धरने पर बैठ गए। संगठन के जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती तब तक हम लोगों का धरना जारी रहेगा। दिन जैस-जैसे बढ़ेगा वैस-वैसे आंदोलन और तेज होगा। धरना देने वालों में मुख्य रूप से विपिन सिंह, आशुतोष पांडेय, श्यामअवध यादव मौजूद रहे।

### सपा नेता, पूर्व प्रधान व पेशे से शिक्षक स्व. उपेंद्र यादव की 11 वीं पुण्यतिथि मनी

# उपेंद्र यादव जैसे ईमानदार व कर्मठ लोगों की खल रही है कमी

**केटी न्यूज/बलिया**

● वक्ताओं ने कहा- बुनियादी सवालों को न उठाने के कारण चुनाव हार रही है सपा

सपा नेता पूर्व प्रधान एवं पेशे से अध्यापक मनियर ब्लॉक के पनिचा निवासी स्व. उपेंद्र यादव की 11वीं पुण्यतिथि उनके आवास पर सोमवार को उनके पैतृक निवास स्थान पर मनाई गई। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी ने स्व.उपेंद्र यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व. उपेंद्र यादव समाजवादी पार्टी के ईमानदार एवं कर्मठ कार्यकर्ता थे। उनका निधन विधानसभा चुनाव के दौरान मेरे पक्ष में वोट मांगते समय दिल का दौरा पड़ने से हो गया। उनके निधन से समाजवादी पार्टी की जो क्षति हुई उसकी पूर्ति करना संभव नहीं है।

विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद व सपा नेता रामाशंकर विद्यार्थी ने कहा कि स्व. उपेंद्र यादव हमेशा पीड़ित, दलित, शोषित व वंचित लोगों के आवाज थे। आज उपेंद्र यादव जैसे लोगों के न रहने के कारण और बुनियादी सवालों को न उठाने के कारण समाजवादी पार्टी बांसडीह विधानसभा से चुनाव हार रही है।



उन्होंने बिना नाम लिए सरकार पर हमला बोला कि एक पार्टी कह रही है कि भारत विश्व गुरु बन रहा है। जिस देश के 80 करोड़ जनता राशन पर जी रही हो वह देश विश्व गुरु कैसे बन सकता है? अमीर लोग 3% जीएसटी जबकि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोग 64 %जीएसटी दे रहे हैं। पहले प्रति व्यक्ति 17500 रुपए का कर्जदार था ।आज प्रति व्यक्ति 35750 रुपए का कर्जदार है। अवसर प्राप्त लोग संपन्न हो रहे हैं। विशिष्ट अतिथि सपा के जिला अध्यक्ष राज मंगल यादव ने कहा कि स्वर्गीय उपेंद्र यादव हम लोगों के भाई थे। हम लोगों ने उपेंद्र यादव से राजनीति की ककहरा सीखी थी। उन्होंने परिवार के लोगों को कहा कि आज से आप लोग आगे आएं और उपेंद्र यादव की मूर्ति में सबसे अधिक मैं सहयोग करूंगा ।सपा नेता संकल्प सिंह ने कहा कि उपेंद्र यादव की मूर्ति में जो भी ईंट का खर्चा लगेगा वह मेरे तरफ से दिया जाएगा ।कार्यक्रम को पूर्व मंत्री रामगोविंद चौधरी के सुपुत्र रंजीत यादव, राजेश कुमार साहनी, गुरुज लाल राजभर, राजेंद्र यादव, राजदेव यादव, हीरालाल यादव, लल्लन यादव सहित आदि लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य हरे राम सिंह, राजेंद्र चौधरी, पूर्व शासकीय अधिवक्ता विजय बहादुर यादव, प्रशांत यादव, सुरेंद्र यादव, सिद्धार्थ यादव, शशांक यादव, धनीराम यादव, आजाद यादव, बृजेश यादव, पूर्व प्रधान नंदू चौहान, पूर्व प्रधान एजाज अहमद, पूर्व प्रधान जगमोहन यादव सहित आदि लोग उपस्थित रहे।